राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, चलपीठ जोधपुर

अपील संख्या :– 353/2024

पोकर मल जाट
–अपीलार्थी

बनाम

राजस्थान राज्य जरिये, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर एवं अन्य।

–प्रत्यर्थीगण

प्रस्तुतिकरण की दिनांक : 13.12.2024
आदेश की दिनांक : 22.04.2025

उपस्थित :–
अपीलार्थी की ओर से : वर्षा बिस्सा, अधिवक्ता
प्रत्यर्थी विभाग की ओर से : श्री हेमन्त परमार, राजकीय अधिवक्ता

समक्ष : **चेतन राम देवड़ा**, सदस्य
असलम मेहर, सदस्य

आदेश

1. प्रस्तुत अपील में राजकीय अधिवक्ता ने अधिकरण को अवगत कराया कि अपीलार्थी द्वारा विभाग को प्रस्तुत परिवेदना के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा, चुरू के आदेश दिनांक 16.12.2024 द्वारा अपीलार्थी को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सहनाली छोटी में पदस्थापित कर अनुतोष प्रदान किया जा चुका है। अपीलार्थी द्वारा उक्त आदेश की अनुपालना में दिनांक 24.12.2024 को नवीन पदस्थापन स्थान पर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। राजकीय अधिवक्ता द्वारा नवीन पदस्थापन आदेश तथा अपीलार्थी के कार्यग्रहण की प्रति अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत की गई।

2. चूंकि प्रत्यर्थी विभाग द्वारा अपीलार्थी को वांछित अनुतोष प्रदान किया जा चुका है, अतः इस आधार पर यह अपील सारहीन होने के कारण खारिज की जाती है।

(असलम मेहर)
सदस्य

(चेतन राम देवडा)
सदस्य

NDG/-